No. of proposals for acquisition approved and the number and tonnage of vessels actually delivered during the above years, and on the other hand, on the number and tonnage of vessels scrapped.

प्रधान मंत्री, उप-प्रधान मंत्री, गृह मंत्री और उनके परिवारों को सुरक्षा प्रदान किया जाना

1961. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रधान मंत्री, उप-प्रधान मंत्री, गृह मंत्री और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के प्रबन्ध के कार्य में लगे व्यक्तियों की संख्या क्या है; सरकार द्वारा इन व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए किए गए सुरक्षा प्रबन्धों पर कितना मासिक व्यय किया जा रहा है ?

गृह मंत्री (**सुश्री मोहसिना किदवई**) : विशेष सुरक्षा ग्रुप प्रधान मंत्री और उनके परिवार के सदस्यों की समीपस्था सुरक्षा प्रदान करता है । विशेष सुरक्षा ग्रुप के अलावा अन्य एजेंसियां जैसे दिल्ली पुलिस, केन्द्रीय पुलिस संगठन और प्रधान मंत्री के राज्यों के संघ शासित क्षेत्रों के दौरों के दौरान राज्य और संघ शासित क्षेत्र के पुलिस के अधिकारी प्रधान मंत्री को सुरक्षा देने में अंतर्ग्रस्त हैं। प्रधान मंत्री, उप प्रधान मंत्री और गृह मंत्री सहित केन्द्रीय मंत्रियों के लिये सुरक्षा प्रबंध दिल्ली पुलिस, केन्द्रीय पुलिस संगठन और दिल्ली से बाहर राज्यों के दौरों के दौरान संबंधित राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र पुलिस द्वारा किये जाते हैं । प्रधान मंत्री, उप प्रधान मंत्री और गृह मंत्री और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कार्मिकों की संख्या और उनके तैनातियों के ब्यौरे बताना जनहित में नहीं होगा ।

पिछले तीन महीनों के दौरान एस० पी०जी० कार्मिकों के वेतन दिहाड़ी और यातायात खर्चे पर हुआ औसत मासिक खर्च 31,59,460 रुपये का है । सुरक्षा पर दिल्ली पुलिस द्वारा किया गया खर्च अलग-अलग है जो स्थिति और वास्तविक तैनातगी पर निर्भर करता है ।

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग

1962. **श्री अजीत जोगी :**
श्री सोहन लाल धूसिया :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान मध्य प्रदेश में कुछ सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों में परिवर्तित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री साथ में **संचार मंत्रालय** का **अतिरिक्त प्रभार** (**श्री के. पी. उन्नीकृष्णन्**): (क) से (ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना (1990–1995) को अभी अंतिम रूप दिया जाना है, अतः इस समय उन सड़कों के नाम एवं लम्बाई को बताया जाना संभव नहीं है जिनको राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रिड में शामिल किया जा सकता है ।

मध्य प्रदेश में जनगणना कार्य में लगाए गए व्यक्तियों को वैकल्पिक रोजगार

1963. **श्री अजीत जोगी :**
श्री सोहन लाल धूसिया :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1981 में मध्य प्रदेश में सरकारी तौर पर जनगणना कार्य में लगाये गए बहुत से व्यक्तियों को अभी तक वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है ; और